हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025

11 डीसी ने बैंकर्स के साथ की समीक्षा बैठक, मुख्यमंत्री...



12 झमाझम बारिश से दक्षिण हरियाणा में भू-जल स्तर 30 फुट...



# एसएचजी करेंगी नारनौल व महेंद्रगढ़ शहर में पेयजल की क्लोरिन जांच, लैब में भेजेंगी सैंपल

- अमृत मित्र योजना के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अमृत मित्र योजना के अंतर्गत नारनौल शहर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के साथ मिलकर पेयजल की जांच करने का कार्य शुरू करेंगी। बैठक के दौरान कार्यकारी अभियंता अमित जैन ने बताया कि अमृत मित्र योजना के तहत जिला महेन्द्रगढ़ के नारनौल व महेन्द्रगढ़ शहर में स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इनके माध्यम से पेयजल की क्लोरिन जांच, पानी के सैंपल एकत्र करना, अस्वच्छ कनेक्शन ढूंढना व पाइपलाइन लीकेज की पहचान करना जैसी गतिविधियां की जाएंगी। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जिन लीकेज व अस्वच्छ कनेक्शनों की सूचना ऑनलाइन करेंगी, जेई एवं उपमंडल अभियंता की आईडी पर भी साझा की जाएगी। इन अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना होगा।

### सात में से एक को मिला टेंडर

नारनौल शहर से सात स्वयं सहायता समूहों ने टेंडर भरे थे, जिनमें से मुख्यालय द्वारा जय भोला भंडारी स्वयं सहायता समूह को कार्य सौंपा गया है। इस समूह की महिलाएं घर-घर जाकर इन गतिविधियों को अंजाम देंगी।



नारनौल। पेयजल जांच संबंधी प्रशिक्षण देते हुए लैब सहायक। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि चयनित समूह की महिलाओं की आईडी बनाकर उन्हें शहर में गतिविधियां करने के लिए लगाया जाएगा। ये महिलाएं अपनी निर्धारित ड्रेस में घर-घर जाकर पेयजल जांच करेंगी। उपभोक्ताओं से भी कहा जाता है कि वे इनका सहयोग करें ताकि शहर की पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने में योगदान दिया जा सके। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आईडी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की वेबसाइट से बनाई जाएगी।

आईडी बनने के बाद उन्हें ऑनलाइन डाटा अपलोड करने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके उपरांत महिलाएं अपनी दैनिक गतिविधियों को ऑनलाइन दर्ज करेंगी। साथ ही इनका विवरण रजिस्टर में भी संधारित करेंगी। लैब अटेंडेंट विकास ने उपस्थित महिलाओं को पेयजल में क्लोरिन जांच की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पीने के पानी के सैंपल एकत्र करने की प्रक्रिया भी समझाई।

### पेयजल की शिकायत है तो 9041741800 पर करें कॉल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए शिकायत निवारण व्यवस्था को और अधिक सरल व सुलभ बनाया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पेयजल के शिकायत निवारण हेतु व्हाट्सएप नंबर 9041741800 जारी किया गया है। इस संदर्भ में विभाग वॉसो के जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने जानकारी दी कि विभाग का टोल-फ्री नंबर 1800-180-5678 पहले से ही उपभोक्ताओं की सेवा में कार्यरत है। इसके अतिरिक्त विभाग ने अब एक नया व्हाट्सएप नंबर 90417-41800 भी जारी किया है। इस नंबर पर उपभोक्ता अपनी शिकायतें लिखित संदेश, फोटो या वीडियो के माध्यम से सीधे दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद विभागीय अधिकारी संबंधित समस्या का संज्ञान लेकर समयबद्ध तरीके से समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और जल गुणवत्ता विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित होती है, पाइपलाइन में लीकेज होती है या सीवरेज से संबंधित समस्या सामने आती है, तो उपभोक्ता बिना किसी देरी के उक्त नंबरों पर संपर्क करें।

### क्या कहते है कार्यकारी अभियंता

कार्यकारी अभियंता अमित जैन ने बताया कि इन प्रयासों से जहां शहर में पेयजल की गुणवत्ता में सुधार होगा, वहीं महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। यह योजना महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार सेवा संघ की मीटिंग आज

**नारनौल।** हरियाणा स्वर्णकार सेवा संघ के प्रधान जोगेंद्र भामा 10 सितंबर को प्रातः 11 बजे कटला बाजार में स्वर्णकार समाज की बैठक को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष एवं उनके साथ स्वर्णकार सेवा संघ के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के गणमान्य सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 14 को

**नारनौल।** शहर के किला रोड स्थित मिश्री देवी आश्रम में वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 14 सितंबर को प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त सचिव शिव हरि अग्रवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के साथ-साथ शहर के ज्वलंत मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### नप के पूर्व अध्यक्ष किशन चौधरी को भ्राता शोक

**नारनौल।** नप नारनौल के पूर्व अध्यक्ष किशन चौधरी के बड़े भाई व समाजसेवी सुरेश चौधरी उर्फ मोनी चौधरी जी (80) का देहांत हो गया हैं, वे अपने पीछे भाई, पुत्र, पुत्री, भतीजे, भतीजी, पोते, पोतियों व सड़ पोते-पोतियों का भरा पूरा परिवार अपनी वंश बेल में पीछे छोड़ के गए हैं। मंगलवार भारी संख्या में लोगों ने उन्हें अश्रुपूर्ण अंतिम विदाई दी।



### जांगिड़ समाज की बैठक आयोजित

**नारनौल।** श्री विश्वकर्मा मंदिर में जांगिड़ समाज की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रोहताश नंबरदार ने की। बैठक में गांव धोलेड़ा निवासी बाबूलाल जांगिड़ को कर्नाटक का प्रदेश अध्यक्ष तथा गांव दोस्तपुर निवासी वसंतलाल जांगिड को उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। रोहताश नंबरदार ने कहा कि जिले से इस तरह लोगों का दूसरे जिले में जाकर काम करना, अपने आप में बहुत ही सम्मान की बात है।

## रोडवेज के राजस्व को हो रहा है भारी नुकसान

# परमिट अटेली तक, रेवाड़ी से नारनौल तक बेलगाम दौड़ रही प्राइवेट बसें

- रोडवेज विभाग की ओर से परमिट बसों पर लगाम लगाने के लिए किए प्रयास नाकाफी
- आरटीए विभाग की ओर से करीब 15 बसों को रेवाड़ी से अटेली तक दिया गया है परमिट
- धरातल पर परमिट अटेली की बजाए नारनौल तक की बैठा रही है सवारियां
- अधिकारियों के संज्ञान में मामला होने के बाद भी कर रहे है अनदेखी
- लंबे समय से रेवाड़ी से नारनौल तक अवैध रूप से चल रही है परमिट बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

रेवाड़ी-नारनौल मार्ग पर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए प्राइवेट बसें धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। आरटीए विभाग की ओर से करीब 15 बसों को केवल रेवाड़ी से अटेली तक का परमिट दिया गया है, लेकिन ये बसें बिना किसी रोक-टोक के नारनौल तक सवारियां ढो रही हैं लेकिन ये सभी बसें नियमों को ताक रखकर खुलेआम नारनौल तक यात्रियों को ले जा रही हैं। नतीजन, रोडवेज की बसें खाली चल रही हैं और विभाग को हर महीने लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है।



नारनौल। बस स्टैंड के बाहर खड़ी परमिट बस।

बता दें कि आरटीए विभाग की ओर से रेवाड़ी से अटेली तक 15 बसों को परमिट दिया गया है। लेकिन यह बसें लंबे समय से रेवाड़ी बस स्टैड से आरटीए विभाग की ओर से निर्धारित किए गए समयानुसार अटेली की बजाय नारनौल की सवारियां बैठाती है तथा नारनौल आती है। वहीं जाते समय नारनौल बस स्टैंड के बाहर लगती है तथा रोडवेज के निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले सवारियों को बैठाकर रेवाड़ी लेकर जाती है। इससे नारनौल से रेवाड़ी जाने वाली रोडवेज बसें खाली दौड़ रहीं है।

इससे प्रति माह रोडवेज विभाग को लाखों की चपत लग रही है। ऐसा नहीं है यह मामला जिला प्रशासन के अधिकारियों के संज्ञान में नहीं है। मामला संज्ञान में होने के बाद भी जिम्मेदार मौन बने हुए है। इसमें आरटीए विभाग की मिलीभगत का भी अंदेशा लगाया जा रहा है।

### परमिट बस विभाग के अधिकार क्षेत्र से बाहर



रोडवेज महाप्रबंधक देवदत का कहना है कि कुछ परमिट बसें बस स्टैंड के बाहर से रवाना हो रही है। परमिट बस का चालान करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। चार्ज संभालते ही उनके संज्ञान में यह मामला आया था। उन्होंने इस बारे में आरटीए विभाग को पत्र लिखा है।

### रोडवेज का घाटा, प्राइवेट बसों की चांदी

प्राइवेट बसें रोडवेज बसों के आगे-आगे चलती हैं और बीच रास्ते में ही सवारियां उठाकर ले जाती हैं। रोडवेज कर्मचारियों के अनुसार इससे विभाग की आमदनी पर सीधा असर पड़ा है। अनुमान है कि सालाना करोड़ों रुपये का राजस्व सरकार को नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की शह के बिना यह संभव ही नहीं है। रोडवेज यूनियन के पदाधिकारियों की ओर से कई बार इसकी शिकायत परिवहन विभाग के अधिकारियों से भी कर चुके है। पदाधिकारियों का कहना था कि परमिट बस संचालक नारनौल बस स्टैंड से उनकी बस के आगे चलते है तथा बीच में लगने वाले सभी स्टैंड सवारी उठा रहे है। इससे रोडवेज को प्रति माह लाखों रुपये की चपत लग रहीं है वहीं सरकार के राजस्व को नुकसान हो रहा है। शिकायत के बाद परिवहन विभाग की ओर से रेवाड़ी जाने वाली रोडवेज बसों को बूथ की बजाय बाहर गेट पर लगवाना शुरू कर दिया था लेकिन रोडवेज विभाग के अधिकारियों का यह प्रयास परिवहन विभाग परमिट बसों पर लगाम लगाने में नाकाफी साबित हुए। कई बार शिकायतें दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। आरटीए विभाग की ढिलाई ने इन बस संचालकों को बेलगाम बना दिया है।



नारनौल। रेलमंत्री को मांगपत्र सौंपते सांसद। फोटो : हरिभूमि

## ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सांसद ने रेलमंत्री से की मुलाकात

- रेलमंत्री ने मांगों पर शीघ्र समाधान करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेलवे संबंधी विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा। रेलमंत्री ने इन मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया है। सांसद ने अपने मांगपत्र के माध्यम से गाड़ी संख्या 19701/02 सैनिक एक्सप्रैस, 22471/72 बीकानेर दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रैस, 14713/14 सीकर दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रैस का सतनाली स्टेशन तथा 22451/52 बांद्रा चंडीगढ़ सुपरफास्ट, 15091/92 टनकपुर दौराई एक्सप्रैस तथा 22949/50 ब्रादा दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट का अटेली स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग की। सांसद ने बताया कि बताया कि अटेली व सतनाली क्षेत्र एक बड़ा ग्रामीण व सैनिक पृष्ठभूमि वाला क्षेत्र है। यहां से प्रतिदिन भारी संख्या में विद्यार्थी, कर्मचारी, किसान व दैनिक यात्री दिल्ली, बीकानेर व अन्य शहरों की ओर से आवागमन करते है। इस ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को न केवल आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि आमजन को सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से भी लाभ होगा।

## वंदे भारत ट्रेन का महेंद्रगढ़ में ठहराव मंजूरः विधायक



**महेंद्रगढ़।** वंद भारत ट्रेन का महेंद्रगढ़ स्टेशन पर ठहराव होने पर विधायक कंवर सिंह यादव ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। विधायक ने हाल ही में रेल मंत्री को पत्र लिखकर ट्रेन का ठहराव महेंद्रगढ़ स्टेशन पर करने की मांग की थी। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि उनके विधानसभा में बहुत खुशी की बात है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोग वंदे भारत ट्रेन में सफर कर सकेंगे। महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का ठहराव से क्षेत्रवासियों को बड़ा लाभ मिलेगा। अब यात्रियों को दिल्ली व अन्य बड़े शहरों की ओर आने-जाने में और अधिक सुविधा होगी। यह ठहराव महेंद्रगढ़ जिले के विकास और यात्रियों की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने बताया कि इस निर्णय से महेंद्रगढ़ जिले में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में काफी राज्यों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते है। वंदे भारत ट्रेन के ठहराव से इनको आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत नही आएगी। इस फैसले से न केवल यात्रियों को बड़े शहरों तक तेज और आसान सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।


# संभावित बाढ़ को लेकर डीएलएसए भी तैयारी में

- सीजेएम ने किया कृष्णावती नदी सहित विभिन्न गांवों का गहन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने बाढ़ की संभावित स्थितियों के मद्देनजर आज नारनौल में कृष्णावती नदी सहित विभिन्न गांवों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों और स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में डीएलएसए उनकी मदद के लिए हमेशा तैयार है।

दौरे के दौरान नीलम कुमारी ने विशेष रूप से किसानों को सलाह दी कि वे बाढ़ से होने वाले अपनी फसल के नुकसान का पंजीकरण जल्द से जल्द ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर करें ताकि उन्हें समय पर और उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह कदम सुनिश्चित करेगा कि आपदा के दौरान भी किसानों को वित्तीय सहायता से वंचित न रहना पड़े।



नारनौल। कृष्णावती नदी का दौरा करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

### कानूनी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति या कानूनी सहायता के लिए नागरिक डीएलएसए के हेल्पलाइन नंबर 01282-250322 पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नंबर न केवल बाढ़ से संबंधित सूचनाओं के लिए है बल्कि इसके माध्यम से कोई भी नागरिक किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। नीलम कुमारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनता की सेवा के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। डीएलएसए का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्राकृतिक आपदा या आपात स्थिति के दौरान कोई भी नागरिक कानूनी सहायता से वंचित न रहे।

कार्रवाई | जागो ग्राहक जागो के तहत नारनौल में दिया फैसला

# 5 रुपये के कैरी बैग के गलत रूप से वसूलने पर उपभोक्ता आयोग ने लगाया 15 हजार जुर्माना

- नारनौल में मेसर्स रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने उपभोक्ता से अतिरिक्त वसूले थे कैरी बैग के 5 रुपये
- उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति रहना चाहिए सजग : हेमंत भारद्वाज एडवोकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नारनौल ने उपभोक्ता से कैरी बैग के पांच वसूलने पर फैसला सुनाया है। उपभोक्ता आयोग ने मैसर्स रिलायंस रिटेल लिमिटेड नारनौल पर 10 हजार रुपये मुआवजा लगाया है और पांच हजार रुपये मुकदमेबाजी खर्च देने का भुगतान करने का आदेश पारित किया।

इस संबंध में शिकायतकर्ता के एडवोकेट हेमंत कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि उपभोक्ता सजीत कुमार ने गत 14 मार्च 2021 को शहर में निजामपुर रोड स्थित मैसर्स रिलायंस रिटेल लिमिटेड से 898 रुपये की खरीददारी की थी। जिस पर उनसे पांच रुपये कैरी बैग के अतिरिक्त वसूले गए तथा उपभोक्ता ने सामान के 898 के अतिरिक्त पांच रुपये अधिक वसूलने बारे पूछा तो उनसे पांच रुपये कैरी बैग समेत 903 रुपये वसूलने बारे बताया।

इसके बाद यह शिकायत उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के तहत एक केस जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नारनौल सजीत कुमार बनाम प्रबंधक रिलायंस रिटेल लिमिटेड नारनौल के विरुद्ध नौ सितंबर 2021 को दाखिल किया। मामले में दोनों पक्षों के तर्कों और गवाहों तथा बहस को सुनकर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग सदस्य डीएम यादव ने अपना फैसला सुनाया।

फैसले में कैरी बैग के लिए शिकायतकर्ता से पांच रुपये अतिरिक्त वसूलना विपक्षी पक्ष की ओर से सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार मानते हुए मैसर्स रिलायंस रिटेल लिमिटेड नारनौल को पांच रुपये वापिस करने का निर्देश दिया और उपभोक्ता को उत्पीड़न व मानसिक पीड़ा के लिए मुआवजे के रूप में 10 हजार रुपये और मुकदमेबाजी खर्च के रूप में पांच हजार रुपये आदेश की प्रति प्राप्त होने के 30 दिनों की अवधि के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिए।

### कानूनी अधिकारों के प्रति रहे जागरूक



*आयोग ने अपने फैसले में कहा कि विपक्षी पक्ष द्वारा उपरोक्त निर्धारित आदेश का अनुपालन नहीं करता है तो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत धारा 71-72 (1) के तहत अभियोजन के लिए उत्तरदायी हो सकता है। इसमें एक महीने से कम नहीं, बल्कि तीन साल तक की कैद या 25 हजार रुपये से कम नहीं, बल्कि एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों शामिल है। एडवोकेट हेमंत कृष्ण भारद्वाज सिहमा ने बताया कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार का सामान या वस्तु खरीदते वक्त बहुत ही सजग रहना चाहिए। उपभोक्ताओं को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।*

### वंदना सैनी ने उत्तीर्ण की जेआरएफ की परीक्षा

**नारनौल।** शहर के मोहल्ला बावड़ीपुर निवासी वंदना सैनी ने जेआरएफ की परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर 45 वां रैंक हासिल कर अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। वंदना के पिता प्रिंटिंग प्रैस संचालक मोहर सिंह सैनी व माता अंजू सैनी ने बताया कि उनकी बेटी पढ़ाई में शुरूआत से होनहार रही है। उन्होंने बताया कि सीएसआईआर नेट जूनियर रिसर्च फेलोशिप जेआरएफ परीक्षा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद सीएसआईआर द्वारा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के माध्यम से आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोधकर्ताओं को जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्रदान करती है और उन्हें विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर सहायक प्रोफेसर के पदों के लिए योग्य बनाती है। इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर वंदना यह साबित कर दिया है कि महिलाएं भी किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है।



महेंद्रगढ़। नारेबाजी करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## सड़क तोड़ने पर आनावास के ग्रामीणों में नाराजगी

**महेंद्रगढ़।** गांव अनावास में ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क तोड़कर टाइलों की सड़क बनाने का विरोध किया है। यह सड़क महेंद्रगढ़-रेवाड़ी स्टेट हाईवे से गांव की ओर जाती है और पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आती है। ग्रामीण मास्टर नरेश कुमार, प्रमोद यादव और प्रदीप ठेकेदार ने बताया कि यह सड़क बिल्कुल नई थी और कहीं भी कोई क्षति या जलभराव नहीं था। भाग की जेसीबी मशीन लेकर आई और बिना किसी पूर्व सूचना के सड़क को तोड़ दिया। ग्रामीणों ने जब जेसीबी ऑपरेटर से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यहां टाइलों की सड़क बनाई जाएगी। इसके विरोध में ग्रामीणों ने कहा कि सड़क को पहले की तरह तारकोल से ही बनाया जाए। उनका कहना है कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आती है। इसलिए इसे तोड़ने और टाइल से बनाने का कोई औचित्य नहीं है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से जल्द उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।


लाइफ Style

# रश्मिका
## देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ⏭ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।



हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल*** : अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज़ हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं
# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नही है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन*** : *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** : *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** : *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** : *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** : *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*



***रणवीर सिंह*** : *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** : *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** : *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** : *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** : *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

## खबर संक्षेप

### दो छात्राओं ने विवि की मेरिट सूची में नाम कराया दर्ज

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग की दो छात्राओं ने विश्वविद्यालय की एमएसी प्राणी शास्त्र की परीक्षा के चतुर्थ सेमेस्टर में टॉप टेन मेरिट में अपना नाम दर्ज किया है। वहीं दूसरी तरफ ममता यादव ने सीएसआईआर वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित नेट जेआरएफ की परीक्षा में आल इंडिया 84 वीं रैंक प्राप्त कर जिला और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी और वर्तमान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पूर्ण प्रभा ने इस उपलब्धि पर छात्राओं, कुलसचिव डॉ. सत्यपाल सुलोदिया व सभी स्टाफ सदस्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि प्राणी शास्त्र विभाग लगातार शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि एमएससी प्राणी शास्त्र विभाग की छात्रा सोनम गर्ग और शीतल ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में टॉप टेन में जगह बनाई है तथा छात्रा ममता यादव ने नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्राओं को महाविद्यालय प्राचार्य ने सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### हकेंवि में एनईपी-2020 के क्रियान्वयन पर सहयोगी सम्मेलन आयोजित

# विश्वविद्यालयों के कुलपतियों संग प्रभावी एनईपी 2020 क्रियान्वयन पर किया संवाद

■ उच्च शिक्षा मानव और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान हरियाणा के सहयोग से मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन पर सहयोगी सम्मेलन का आयोजन किया। आरम्भ में हकेंवि के आईक्यूएसी, निदेशक एवं आयोजन सचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह ने स्वागत किया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने हरियाणा के सात विश्वविद्यालयों के कुलपतियों चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति डॉ. विजय कुमार, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी, लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा की ओर से एनईपी के कार्यान्वयन के लिए जारी पहलों की सराहना की। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा मानव और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

गुणवत्तापूर्ण और समग्र शैक्षणिक दृष्टिकोण के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थान नवीन शिक्षण पद्धतियों, उपयोगी अनुसंधान, सतत आजीविका और राष्ट्र के आर्थिक विकास में सार्थक योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम संयोजक एवं समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि एनईपी भारत को पुनः जगद्गुरु के रूप में स्थापित करने के लिए 'भारतीय ज्ञान परंपरा' को समकालीन शिक्षा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने स्मरण कराया कि एनईपी 2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों को अधिक सार्थक और संतोषजनक जीवन एवं भूमिकाओं के लिए तैयार करना है, ताकि वे मिशन विकसित भारत 2047 के अनुरूप आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम का समापन हकेंवि कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन समिति में प्रो. सुमन, डॉ. मनीषा पांडेय, डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. केआर पलसानिया और डॉ. विकास सिवाच ने इस एक दिवसीय सम्मेलन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**महेंद्रगढ़।** एनईपी पर केंद्रित एक दिवसीय विश्वविद्यालय सम्मेलन को संबोधित करते केएन रघुनंदन।

#### स्कूली शिक्षा में निरंतर बदलाव जारी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद केएन रघुनंदन ने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य विचारशील, सृजनशील और बहुआयामी व्यक्तित्वों का विकास करना होना चाहिए, जो विज्ञान, समाज विज्ञान, कला, मानविकी, भाषाओं के साथ-साथ व्यावसायिक, तकनीकी और व्यावसायिक विषयों में भी दक्ष हों। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनाने में नई शिक्षा नीति की भूमिका महत्त्वपूर्ण है और इस प्रयास में देश, समाज से पहले विद्यालयों, विश्वविद्यालयों व शिक्षकों का योगदान अहम है। उन्होंने शिक्षा को विद्यार्थी केंद्रित, प्राध्यापक संचालित व समाज पोषित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा में निरंतर बदलाव जारी हैं और अगले दस वर्षों में इस बदलावों के परिणाम स्वरूप विद्यार्थी विश्वविद्यालय शिक्षा में शामिल होंगे।



नारनौल। महिला प्रकोष्ठी की बैठक में हिस्सा लेती समाज की महिलाएं।

## महाराजा अग्रसेन जयंती समिति महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महाराजा अग्रसेन जयंती समिति महिला प्रकोष्ठ की बैठक महिला संयोजिका गीता गोयल की अध्यक्षता में अग्रवाल सभा भवन कार्यालय में हुई। उन्होंने बताया कि जयंती को भव्य रूप से प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट की नेतृत्व में मनाने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें सुशीला गोयल, दिव्या बंसल, पूजा गोयल, अल्पना बंसल, बबीता गुप्ता, पूजा अग्रवाल, रेखा संघी, सोनू जैन, अंजलि जैन, अंजू मित्तल, किरण बंसल, सविता चौधरी, सारिका गर्ग एवं कीर्ति अग्रवाल को सहसंयोजिका बनाया गया।

उन्होंने बताया कि उक्त आयोजन 21 सितंबर रविवार को सभा भवन में मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजू चौधरी पत्नी भगवान दास चौधरी और उर्मिला गुप्ता धर्मपत्नी महेश गुप्ता होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा गुप्ता धर्मपत्नी अरुण गुप्ता नूनी वाला, प्रीति बंसल धर्मपत्नी सोनू बंसल और नेहा सिंघल धर्मपत्नी आशुतोष सिंगल करेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के सामने दीप प्रज्वलित कर शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ, फनी गेम्स, बच्चों महिलाओं लड़कियों द्वारा प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, मेहंदी प्रतियोगिता, गेस्ट प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। शाम 6:30 बजे से अमृतमई भंडारा होगा एवं 22 सितंबर को प्रातः नौ बजे से मुख्य कार्यक्रम होंगे, जिसमें अग्रवाल समाज आमंत्रित किया गया है।

# टैगोर विद्यालय में गर्ल्स बास्केटबॉल चैंपियनशिप शुरू

### दिल्ली, तमिलनाडू से लेकर कुवैत तक की टीमें ले रही भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

टैगोर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को सीबीएसई नेशनल गर्ल्स बास्केटबॉल चैंपियनशिप अंडर-14, 17 और 19 में गर्ल्स बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता पांच दिनों तक चलेगी। कार्यक्रम में पहले दिन उद्घाटन अवसर पर मुख्यातिथि हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पीके शर्मा रहे। विशेष अतिथियों के रूप में आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन पवित्रा राव, नपा की उपाध्यक्ष मंजू कौशिक, टैगोर गुरुग्राम से राखी यादव एवं मधु चौहान, टैगोर स्कूल रेवाड़ी के प्रिंसिपल आरडी यादव तथा वीआईपी स्कूल की चेयरपर्सन ऊषा यादव उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीईओ डॉ. निशा यादव ने की। डायरेक्टर राहुल यादव एवं प्राचार्य वीरेन्द्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार की ओर से चेयरमैन डॉ. बीएल यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।

भिवानी शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पीके शर्मा ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित होती है। खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन असली जीत सच्ची खेल भावना और निरंतर मेहनत में है। आप सभी खिलाड़ी अपने विद्यालय, अपने क्षेत्र और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। डॉ. बीएल यादव ने भी खिलाड़ियों को खेलों में अनुशासन और समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया। इस चैंपियनशिप के दौरान रोमांचक मुकाबलों में विभिन्न विद्यालयों की खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और जज्बे का प्रदर्शन करेंगी। भारतीय विद्या भवन पेरुम्फिरुथी ने सेंट जोसेफ स्कूल उत्तर प्रदेश को हराया, सेक्रेड हार्ट पब्लिक चंडीगढ़ ने मिलेनियम स्कूल दुबई को मात दी, जबकि शिशुकुंज इंटरनेशनल मध्य प्रदेश ने ज्योति निकेतन स्कूल केरल पर जीत दर्ज की। कोर्ट नंबर दो पर अंडर-17 वर्ग में ज्योति निकेतन स्कूल केरल ने सनबीम स्कूल उत्तर प्रदेश को हराया, डीपीएस ईस्ट कर्नाटक ने सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल कन्नूर को मात दी, सुगुना पीआईपी स्कूल तमिलनाडु ने इंडियन एजुकेशन स्कूल कुवैत को हराया, एपेक्स स्कूल दिल्ली ने कल्याणी पब्लिक स्कूल पुणे को शिकस्त दी, सीवाईजीएनवीएस वर्ल्ड गुजरात ने मेरठ पब्लिक स्कूल उत्तर प्रदेश को मात दी।



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता के शुभारंभ पर उपस्थित अतिथि व खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

#### पहले दिन हुए ये मुकाबले

टैगोर स्कूल में शुरू हुई सीबीएसई नेशनल गर्ल्स बास्केटबॉल चैंपियनशिप अंडर-14, 17 और 19 के पहले दिन कोर्ट नंबर एक और कोर्ट नंबर दो पर खेले गए मुकाबले रोचक रहे। कोर्ट नंबर एक पर अंडर-14 वर्ग के मैचों में डीपीएस छत्तीसगढ़ ने वेल्लामाल स्कूल चेन्नई को हराया, सीवाईजीएनवीएस वर्ल्ड गुजरात ने इंदिरा नेशनल स्कूल पुणे को मात दी, डीपीएस नॉर्थ कर्नाटक ने अयप्पा स्कूल चेन्नई को हराया, गीतांजलि स्कूल सोनीपत ने इंडियाना एजुकेशन स्कूल कुवैत को शिकस्त दी, फादर एंजल स्कूल नोएडा ने विद्याज्ञान स्कूल उत्तर प्रदेश को हराया, सेंट सोल्जर डिवाइन पंचकूला ने इंडियन स्कूल ओमान को पराजित किया

## एसडी स्कूल पांचवीं बार करेगा सीबीएसई राष्ट्रीय बाक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता की मेजबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

सीबीएसई की ओर से आयोजित होने वाली बाक्सिंग खेल प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि सीबीएसई की ओर से पूरे भारत वर्ष में 8 जोन बनाए गए हैं। पंचकूला जोन के ककराला स्थित एसडी स्कूल में 11 से 15 सितंबर तक आयोजित होने वाली पांच दिवसीय राष्ट्रीय बाक्सिंग चैंपियनशिप के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि एसडी विद्यालय पांचवी बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। जिसमें भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों सहित यूएई, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, बहरीन के 14, 17 व 19 आयु वर्ग के 800 लडकों सहित 600 लड़कियों सहित अभिभावक लेगें। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी 10 सितंबर तक रिपोर्ट करेगें। प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 सितंबर को सुबह साढ़े 9 बजे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि एथलेटिक्स चैंपियनशिप व भीम अवार्डी गिरिराज सिंह होंगे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा की पहली भीम अवार्डी सुषमा यादव व डीएसओ मनोज कुमार होगें। समारोह की अध्यक्षता चेयरमैन जगदेव यादव करेंगे। दिल्ली, हरियाणा, यूपी, झारखंड, राजस्थान के अधिकारी व झारखंड के तकनीकी अधिकारी सहित उत्तराखंड के पुनेश कुमार पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेगें। खिलाड़ियों के रहने व खाने की व्यवस्था विद्यालय में रहेगी।



**कनीना।** पत्रकारों को जानकारी देते विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव।

## सूबेदार भूपेंद्र सिंह चौहान को सैनिक सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली कस्बे से राजस्थान के सटे गांव विजय नगर निवासी 43 वर्षीय सूबेदार भूपेंद्र सिंह का मंगलवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही जवान का पार्थिव शरीर सोमवार देर रात गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक और गर्व का माहौल छा गया।

मंगलवार को अटेली के गोकलपुर रेस्ट एरिया से पैतृक गांव विजय नगर तक सात किलोमीटर लंबी श्रद्धांजलि यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान गांव-गांव में लोगों ने फूल बरसाकर और भारत माता की जय व शहीद भूपेंद्र अमर रहे के नारों से वातावरण गूंज गया। इस दौरान विभिन्न गांवों में शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। एएससी के जनरल मुकेश चड्ढा व कोटपूतली-बहरोड़ के एसपी देवेंद्र बिश्नोई सहित सेना के शीर्ष अधिकारी व राजस्थान व हरियाणा के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पड़ोसी गांव गणियार में जवान की अंतिम यात्रा पहुंचने पर स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा गांव के मौजिज लोगों ने पुष्प वर्षा की। जवान का अलवर से आई सेना की टुकड़ी ने सलामी देकर गमगीन माहौल अंतिम संस्कार हुआ।





**मंडी अटेली।** भूपेंद्र सिंह चौहान सूबेदार व अंतिम संस्कार में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए।

## यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रतियोगिताओं में यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। कॉलेज की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में राहुल ने प्रथम, पोस्टर मेकिंग में दिव्या ने प्रथम स्थान व निधि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में रिल मेकिंग में यदुवंशी की टीम ने दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर यदुवंशी ग्रुप के चैयरमेन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बच्चों को बधाई दते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, उपप्राचार्या डॉ. सोनल यादव आदि मौजूद रहे।



**नारनौल।** विद्यार्थियो को सम्मानित करते कॉलेज स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## किसानों को उचित मुआवजा दें सरकार: अतरलाल

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर फसलों में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित किसानों से बात कर उनके दर्द को जाना। गांव सिहोर, गाहड़ा, बाघोत, छितरोली, झाड़ली, उच्चत, स्याणा, नौताना, पोता, सेहलंग, खेड़ी, तलवाना, अगिहार, धनौन्दा, उन्हाणी, चेलावास, कैमला, इसराणा, मोहनपुर, नांगल, ककराला, रामबास, ढ़ाणा, मानपुरा, मोड़ी, भोजावास, गोमली, गोमला, राता, सलीमपुर, उन्नीदा, धनुन्दा, महासर, गढ़ी खारीवाड़ा, गांवों का दौरा कर अतरलाल ने कहा कि अटेली विधानसभा क्षेत्र के 104 गांवों में भारी बरसात से जलभराव के कारण कपास तथा बाजरा की फसलें बर्बाद हो गई हैं। बाजरा की फसल के सिरटे जाम गए तथा काले पड़ गए हैं यही हाल खड़े बाजरे का है। कपास पहले बर्बाद हो चुकी थी। ऐसी स्थिति में किसानों को तत्काल आर्थिक मदद की सख्त जरूरत है। पीड़ित किसान सरकार द्वारा घोषित सात से 15 हजार रूपये प्रति एकड़ मुआवजा राशि से सहमत नहीं हैं। फसलों में ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने तत्काल विशेष गिरदावरी करवाकर 30 से 50 हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से किसानों को मुआवजा देने की मांग की। इसके अलावा किसानों ने उनके बैंक ऋण तथा बिजली के बिल भी माफ करने की मांग की। किसानों की मांग को जायज बताते हुए अतरलाल ने कहा कि उनकी मांग जायज है और वे इसके लिए सरकार को प्रतिवेदन देकर उनकी मांग पूरी करने की अपील करेंगे। उन्होंने किसानों से क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल नुकसान का ब्यौरा दर्ज करने की अपील की।

### अरावली के छात्र महेश ने सीएसआईआर परीक्षा की पास

**महेंद्रगढ़।** अरावली स्कूल के छात्र महेश कुमार ने सीएसआईआर परीक्षा में 45वीं रैंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने 99.51 अंक के साथ परीक्षा उर्तीण की है। महेश के पिता नरेश कुमार ने बताया कि महेश ने शुरु से पढ़ाई में रूचि थी, अब वह आगे पीएचडी करने में मंशा जताई है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु को दिया है। संस्था चेयरमैन अशोक कुमार ने महेश को आर्शीवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## मास्टरस्ट्रोक लगाने में माहिर सीएम नायब सैनी: यतेंद्र राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बने अभी करीब एक साल होने वाला है लेकिन इस अरसे में उन्होंने कई मास्टरस्ट्रोक लगाएं, जिससे न केवल सुबे के आम लोगों में बल्कि अन्य प्रदेशों में भी राज्य सरकार की साख बढ़ी है। सियासी हल्कों का कहना है कि सैनी का काम करने का अपना एक अलग ही तरीका है जिसके चलते वह हर माहौल में आगे निकलने में कोई न कोई रास्ता तलाश लेते हैं। यह बात जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने मंगलवार प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में कहीं। उन्होंने कहा कि अब तो वह मास्टर स्ट्रोक लगाने में विपक्ष से उनके मुद्दें छिनने की कला में भी माहिर माने जाने लगे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद सियासी दाव पेचों से भी पूरी तरह वाकिफ हो गए हैं। कहा जाता है कि विपक्ष अब आसानी से उनकी घेराबंदी नहीं कर पाएगा। यतेंद्र राव ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद 2024 का विधानसभा चुनाव उनके लिए पहला सबसे बड़ा सियासी इम्तिहान था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अभी हाल ही में प्रदेश की जरूरतमंद महिलाओं को हर माह 2100 देने की घोषणा को जमीन पर उतार कर एक और मास्टर स्ट्रोक लगाने का काम किया है। यतेंद्र राव ने कहा की एसवाईएल के पानी को लेकर दोनों राज्यों में चल रही कड़वाहट के बावजूद अभी हाल ही में पंजाब में आई भयंकर बाढ़ को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब के साथ खड़े नजर आए हैं।



### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 79.57 करोड़ वितरित: डीसी

# डीसी ने बैंकर्स के साथ की समीक्षा बैठक, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के लाभार्थियों को जल्द लोन देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रिमासिक बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत जिले के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस बैठक का समन्वय पंजाब नेशनल बैंक ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाना था। उपायुक्त ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत ऋण वितरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि स्वीकृति मिलने के बाद किसी भी योजना के तहत मिलने वाला लोन तुरंत जारी करें। ज्यादा लंबित रखने पर जिम्मेदारी तय की जाए। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के तहत स्वीकृत हुए लोन को तुरंत प्रभाव से निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत जून 2025 तक कुल 5373 खातों में 79.57 करोड़ वितरित किए गए हैं।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में बैंकों ने प्रायोजित आवेदनों का 15 दिनों के भीतर निपटारा करने का निर्देश दिया गया है। स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत जून 2025 तक महिला लाभार्थियों को 1.02 करोड़ की राशि के साथ छह खाते स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बैंकों को प्रोत्साहित किया गया कि वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला लाभार्थियों को ऋण दें। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रगति पर भी चर्चा हुई। इस योजना में कारीगरों और शिल्पकारों को मान्यता, क्रेडिट सहायता और कौशल उन्नयन प्रदान किया जाता है। महेंद्रगढ़ में कुल 595 आवेदनों में से 260 स्वीकृत किए गए हैं और 243 वितरित किए गए हैं। कृषि अवसंरचना कोष योजना के तहत कुल 44.17 करोड़ के 160 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं।



**नारनौल।** अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### 39.56 करोड़ वितरित किए

जिसमें से 39.56 करोड़ वितरित किए गए हैं। पशुपालन और मत्स्य पालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड संतृप्ति अभियान की भी समीक्षा की गई। इस योजना के तहत 9,741 प्राप्त आवेदनों में से 9,689 स्वीकृत किए गए हैं। बैठक में प्रधानमंत्री जन धन योजना और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की स्थिति पर भी चर्चा की। बैठक में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में भी दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैंकों को इन योजनाओं को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में साप्ताहिक शिविर आयोजित करने के लिए कहा ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस बैठक में लीड बैंक मैनेजर उमेद सिंह दहिया तथा पिंकी सांगवान आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### भाषण और कविता प्रतियोगिता हुई

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नारी शक्ति घरेलू महिला समानता विषय पर भाषण तथा कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी रही। नीलन कुमारी ने बताया कि महिलाएं भी किसी से कम नहीं है। महिलाएं अगर मेहनत करती है तो उनके लिए सरकार भी सहायता करती है। उन्होंने बताया कि जब आप कविता व भाषण जैसी प्रतियोगिता में इतने अच्छे से अपने आपको रिप्रेजेंट कर रहे हो तो एक दिन आप लोग इसी विद्यालय में बतौर मुख्यातिथि पहुंच सकते हैं।

### विद्यार्थियों को एड्स से बचाव के उपाए बताए

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्णनगर में प्राचार्य डॉ. सुमन यादव की अध्यक्षता में रेड क्रॉस एवं आरआरसी के अंतर्गत विद्यार्थियों को एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। यह फिल्म एचआईवी एड्स के रोकथाम का प्रचार करने के उद्देश्य से दिखाई गई है। इस फिल्म ने विद्यार्थियों को एड्स के बारे में पूरी जानकारी दी। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को यह पता लगा कि एड्स जैसी भयंकर बीमारी कैसे फैलती है और उसके क्या दुष्परिणाम होंगे। फिल्म में एड्स के बचाव एवं उपचार के बारे में भी बताया गया।

### एड्स को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय में एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यशाला आयोजित कि गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नागरिक अस्पताल के एचआईवी काउंसलर डॉ. दिनेश शर्मा ने विद्यार्थियों को एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। उन्होंने एड्स की रोकथाम के उपायों के विषय पर भी चर्चा की। इस अभियान का उद्देश्य एड्स की जानकारी और उपचार को प्रोत्साहित करना था।



### नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**महेंद्रगढ़।** गांव डालनवास और चितलांग में पुलिस की तरफ से नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। नशा मुक्त अभियान के तहत गठित पुलिस टीम द्वारा ग्रामीण और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। टीम ने बताया कि पुलिस नशा की गिरफ्त में आ चुके लोगों को मुख्यधारा जोड़ने का प्रयास भी कर रही है। जो व्यक्ति नशा छोड़ना चाहते हैं, पुलिस उनकी हर संभव मदद करेगी। टीम द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में भाग लेने के लिए युवाओं को जागरूक किया।

---

*काफी समय से लंबित थे काम, मंत्री के प्रयास लाए रंग*

# अटेली शहर में 7.40 करोड़ के विकास कार्य आरम्भ झंडा चौक पर लगेगा 100 फीट ऊंचा तिरंगा ध्वज

- मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत लंबित पड़े 10 .68 करोड़ रुपये के कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली नगर पालिका क्षेत्र में लंबे समय से रुके पड़े विकास कार्य अब फिर से गति पकड़ेंगे। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत लंबित पड़े 10.68 करोड़ अटेली शहर के जिस में से बचे सात करोड़ 40 लाख रुपये के विकास कार्य धरातल पर आरंभ किया जा रहे हैं। इन कार्यों के शुरू होने से शहरवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने इसके लिए कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव का हार्दिक आभार प्रकट किया है। इस योजना के तहत सबसे महत्वपूर्ण कार्य नारनौल रेवाड़ी रोड पर बरसाती पानी की निकासी हेतु नाले का निर्माण है। इसके लिए चार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। बीएडंआर और बीएसएनएल बिजली निगम से एनओसी भी मिल चुकी है। यह कार्य लंबे समय से लंबित था। जिससे नई बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्र में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या बनी रहती थी। अब नाले का निर्माण नए बस स्टैंड से उनिंदा एसटीपी प्लांट तक किया जाएगा। इसमें कुछ जगह पाइपलाइन और कुछ जगह खुला नाला बनाने का प्रावधान रखा गया है, जिससे क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह कार्य इसी सप्ताह में यह काम आरंभ हो जाएगा।

#### मांग पूरी हुई



अटेली नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल ने बताया कि यह कार्य कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के अथक प्रयासों से संभव हो पाया है। लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने बताया कि शहरवासियों ने एक स्वर में स्वास्थ्य मंत्री का धन्यवाद किया है।




**मंडी अटेली।** नगर पालिका कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

#### अंबेडकर सामुदायिक भवन के लिए 1.85 करोड़

इसके अलावा पुरानी मार्केट कमेटी कार्यालय की जमीन पर एक आधुनिक पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए 77 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है। पार्क में बच्चों के लिए प्ले एरिया, स्मार्ट बेंच, फुटपाथ, कैनोपी, लाइटें और हरियाली का विशेष इंतजाम होगा। शहर में अंबेडकर सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए भी एक करोड़ 85 लाख रुपये का बजट रखा गया है। पुराने भवन को तोड़कर इसे नया स्वरूप दिया जाएगा। जिससे सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। शहर के सौंदर्यकरण के लिए झंडा चौक पर 25 से 30 लाख रुपये का खर्च होगा। यहां 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया जाएगा, जिससे शहर का गौरव और बढ़ेगा। साथ ही नई नगर पालिका कार्यालय तक पहुंचने के लिए रास्ते का निर्माण 50 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। अब तक रास्ता न होने से बरसात में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जो शहर में कालोनियां स्थाई हो चुकी है उनमें नई नियमित अग्रसेन कॉलोनी कॉलोनी में विकास कार्य किए जाएंगे जिन में रोड, लाइट की व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा की जाएगी उनके भी जल्द बजट बनाकर भेजी जा रहे हैं। शहर की लाइट व्यवस्था के लिए 500 लाइट खरीदी जा रही है जो शहर को जग मग करेंगी।

---

## जून से सितंबर माह तक हुई 1062 एमएम बारिश

# झमाझम बारिश से दक्षिण हरियाणा में भू-जल स्तर 30 फुट तक बढ़ा

*सड़कें धुलने के साथ-साथ खरीफ फसलों में बनी नुकसान की संभावना, पीड़ित किसानों के लिए सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला*

दलीप सिंह ▶▶| कनीना

सावन-भादो मास में हुई झमाझम बारिश के बाद सूखे समझे जाने वाले दक्षिण हरियाणा में भू-जल स्तर 20 से 30 फुट बढ़ गया है। कुओं में जल स्तर बढ़ने से किसानों द्वारा 20 फुट के पाइप निकाले गए हैं। अत्याधिक व लंबे समय बारिश होने के कारण रबी फसल की बढ़िया पैदावार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वायुमंडल में नमी व धरती पर जगह-जगह पानी जमा होने के चलते सर्दी की शुरुआत भी समय से पहले और अधिक मानी जा रही है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक फिलहाल बारिश की संभावना कम है जिससे मौसम शुष्क बना रहेगा।



मौसम विभाग रेन फॉल कीपर ज्ञानेंद्र पाण्डेय ने बताया कि 14 जून से लेकर अब तक 1062 एमएम बारिश हो चुकी है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 50 फीसदी से कहीं अधिक है। उन्होंने बताया कि जून माह में 88 एमएम, जुलाई माह में 574 एमएम, अगस्त माह में 301 तथा छह सितंबर तक 99 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

#### इन तरीखों को हुई बारिश

कनीना क्षेत्र में देखा जाए तो 14 जून को 11 एमएम बारिश रिकॉर्ड की थी उसके बाद 17 जून को दो एमएम, 18 जून को 54 एमएम, 20 जून को 21 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। एक जुलाई को 27 एमएम, चार जुलाई को पांच एमएम, सात जुलाई को 37 एमएम, नौ जुलाई को 127 एमएम, 10 जुलाई को 91 एमएम, 11 जुलाई को 64 एमएम, 13 को 27 एमएम, 14 को 17 एमएम, 15 को 21 एमएम, 16 को चार एमएम, 17 को दो एमएम, 23 को नौ एमएम, 29 को 74 एमएम, 30 को 10 एमएम, 31 को 59 एमएम बारिश हुई। एक अगस्त को 37 एमएम, दो को नौ एमएम, 10 को नौ एमएम, 15 को 11 एमएम, 17 को चार एमएम, 18 को चार एमएम, 19 को 34 एमएम, 24 को 93 एमएम, 25 को 68 एमएम, 26 को पांच एमएम, 27 को 22 एमएम, 31 को पांच एमएम बारिश हुई। सितंबर माह में एक सितंबर को 30 एमएम, दो को 14 एमएम, तीन को चार एमएम, चार को दो एमएम, छह को 49 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। बारिश का सर्वाधिक फायदा रबी फसल बुवाई के लिए किसानों को होगा।

#### सड़कों पर बने गड्ढे हादसों को आमंत्रण दे रहे

बारिश का पानी जमा होने से महेंद्रगढ़ जिले के लगभग सड़क मार्ग धुल गए हैं। जिनमें बने गड्ढे सड़क हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे-24 कनीना से लेकर बुचावास 152डी तक जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। कनीना-अटेली, दादरी, कोसली, रेवाडी मुख्य मार्गों सहित गुढा, पाथेड़ा, ककराला सहित अन्य मार्ग भी खंडित हो गए हैं। गुढा बस स्टैंड व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के गेट के समीप तथा रेलवे अंडर ब्रिज 89 से गुजरने वाले कच्चे की दुर्दशा हो गई है।

#### खरीफ फसल को नुकसान

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ अजय यादव ने बताया कि कनीना विकास खंड में करीब 33 हजार हेक्टेयर जमीन में से अनुमानित 20484 हेक्टेयर में बाजरा, 8114 में कपास, 674 में हरा चारा, 116 में ग्वार सहित अरहर, तिल आदि की खेती की गई है। ज्येष्ठ माह में बिजाई किए गए बाजरे सहित कपास की फसल में नुकसान हुआ है। भारी बारिश पानी जमा होने से बाजरे में पुनः फुटाव हो गया तो कपास काली पड गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है जिस पर किसान फसल खराबे की जानकारी दे सकते हैं। 15 सितंबर तक यह पोर्टल खुला रहेगा। दूसरी ओर मौसम साफ होते ही किसान खेतों में पहुंचकर बाजरे की कटाई कर भंडारण में जुट गए हैं। बाजरे की अगेती फसल में सर्वाधिक नुकसान हुआ है।

#### किसान खेत मज़दूर संगठन ने कहा, किसानों के लिए सरकार की घोषित राशि नाकाफी

**नारनौल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने सरकार द्वारा भारी बारिश व बाढ़ से प्रभावित हुए किसानों और अन्य प्रभावित लोगों के लिए घोषित गई सहायता राशि को नाकाफी बताया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार व्यक्ति की मृत्यु होने पर चार लाख, मकान ढहने पर एक लाख बीस हजार, फसल हानि पर अधिकतम पंद्रह हजार, दुधारू पशु हानि के 35 हजार, भेड़-बकरी के हानि पर चार हजार, बैल, घोड़े व ऊंट आदि पर 32 हजार तथा मुर्गी पालन पर दस हजार रुपये राहत राशि दी जाएगी। लेकिन यह राशियां केवल ऊंट के मुंह में जीरा है। महंगाई को देखते हुए संगठन इसे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने बताया कि खेती में किसानों की लागत बहुत अधिक हो जाती है, ऐसे में प्रति एकड़ 15000 रुपये मुआवजा बहुत कम है।

---

## खुले में पड़े मुर्गी दाने से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**नारनौल।** उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** गांव अमरपुर जोरासी में खुले में पड़े मुर्गी दाने से आने वाली दुर्गंध का समाधान कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रेलवे स्टेशन के समीप एक व्यक्ति ने मुर्गी दाना बनाने के लिए रसायन फार्म बनाया हुआ। इससे आने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। इस मार्ग पर रेलवे स्टेशन, सरकारी स्कूल, मंदिर व किसानों के खेत होने के चलते दिनभर आवागमन बना रहता है। इस दुर्गंध से लोग बीमारी का शिकार हो रहे है। जब इस बारे मालिक से बात की गई तो वह ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी देता है। इस मौके पर श्याम सुंदर, दलीप कुमार, धर्मबीर, नीलम, कृष्ण कुमार, आरती, श्याम, दलीप शर्मा, कुशल, विश्वनाथ, उदयसिंह, दलबीर सिंह, ज्ञानप्रकाश, मुकेश, मनबीर सिंह, पवन कुमार शर्मा, पंकज, संजीव, सत्यनारायण सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अब तक 105 करोड़ 62 लाख का राजस्व

- डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक, सीमांकन के लिए सर्वे ऑफ इंडिया को पत्र लिखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में खनन कार्यों से जुड़ी जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक ली। इस दौरान खनन गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खनन कार्यों की जमीनी हकीकत का पता लगाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी खनन कार्य नियमों के अनुसार ही हो। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि खनन कंपनियां अपने सामाजिक दायित्वों का सही से पालन करें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी सूरत में गैर-कानूनी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार और जिला प्रशासन अवैध खनन को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



**नारनौल।** खनन को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।



**महेंद्रगढ़।** अवार्ड प्राप्त करते डॉ. भवर सिंह कसाना। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. भंवर सिंह को राष्ट्रीय बेस्ट नैचुरोपैथी हिलर्स अवार्ड

**महेंद्रगढ़।** आयुष कॉलेज अस्पताल एंड अनुसंधान केंद्र द्वारा दिल्ली के लाजपत भवन के सभागार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस और अवार्ड कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ जिले के प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. भंवर सिंह कसाना को राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट नैचुरोपैथी हीलर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ. भंवर सिंह कसाना को लंबे समय से प्राकृतिक व योग, आहार और अन्य ड्रैग्लेस चिकित्सा पद्धतियों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान व उनकी प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति समर्पणता को देखते हुए दिया गया। इस दौरान देश के सभी राज्यों से अनुभवी प्राकृतिक व योग चिकित्सा और अन्य ड्रग्लेस चिकित्सा पद्धति विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया है। डॉ. भंवर सिंह ने बताया कि यह अवार्ड हरियाणा की तरफ से एकमात्र प्राकृतिक व योग चिकित्सक के रूप में उनका चयन हुआ था। इसी आधार पर उन्हें यह सम्मान मिला है। डॉ. भंवर सिंह पिछले 15 वर्षों से स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट बुचोली रोड महेंद्रगढ़ में बतौर मुख्य चिकित्सा प्रभारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

---

## स्कॉलरशिप स्कीम परीक्षा के लिए आवेदन आरंभ

- 30 नवम्बर को प्रदेशभर में विभिन्न सेंटरों पर आयोजित होगी नेशनल मीन्स कम-मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृति योजना परीक्षा नवम्बर-2025 का आयोजन 30 नवम्बर को किया जाएगा।

इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है, जिसके लिए 15 अक्टूबर तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बीएसईएच डॉट ओआरजी डॉट इन पर या एससीईआरटी गुरुग्राम हरियाणा की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए महेंद्रगढ़ खंड की शिक्षा अधिकारी अलका लांबा ने बताया कि राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृति योजना (एनएमएमएसएस) परीक्षा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा चलाई जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी/अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली गरीब छात्र/छात्राओं का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। इसके तहत पूरे प्रदेशभर से 2337 पात्र विद्यार्थियों का चयन करने हेतु हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के द्वारा परीक्षा का आयोजन 30 नवम्बर को करवाया जाएगा।

## पुलिस ने अवेयरनेस प्रोग्राम करवाकर साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूक किया

# एपीके फाइल के लिंक को ओपन न करें, खाता खाली हो जाएगा

*बैंक खातों पर नजरें जमाए बैठे हैं ठग, व्हाट्सएप या फिर अन्य कोई मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के फर्जी मैसेज से सावधान रहे जनता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला पुलिस की ओर से आमजन को विभिन्न माध्यमों जैसे सोशल मीडिया, एडवाइजरी और साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित करवाकर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस द्वारा आमजन को साईबर अपराध वारदातों के तरीकों के बारे में अवगत करवाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन को जागरूक करने के लिए एपीके फाइल को लेकर एडवाइजरी जारी की है। जिला महेंद्रगढ़ में भी कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं। एक मामले में साइबर ठगों ने व्हाट्सएप पर आरटीओ चालान डॉट एपीके फाइल भेजी, जिसपर क्लिक करने के बाद शिकायतकर्ता का मोबाइल हैक हो गया और ठगों ने उसके खाते से दो लाख रुपये निकाल लिए।

#### प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें : एसपी

व्हॉट्सएप पर एपीके फाइल के जरिए स्कैमर्स लोगों के साथ ठगी करने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे है। व्हॉट्सएप पर एपीके फाइल्स के जरिए ऐप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए इन फाइल्स का इस्तेमाल होता है, एपीके का फ़ुल फॉर्म एनड्रॉयड पैकेज किट है। स्कैमर्स इसका इस्तेमाल कर लोगों के साथ ठगी कर सकते हैं। इसलिए अज्ञात नंबर से आने वाले एपीके फाइल को डाउनलोड करने से बचना चाहिए, उस पर क्लिक ना करें। स्कैमर द्वारा भेजी गई फाइल में मैलवेयर होता है, जिससे स्मार्टफोन को हैक करने की संभावना बढ़ जाती है। ये ऐप्स आपकी गोपनीयता और सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं, जिससे आपके संदेश, स्थान और साझा की गई फ़ाइलें निजी नहीं रहती हैं। व्हाट्सएप से सीधे एपीके फ़ाइलें डाउनलोड करने से बचना चाहिए। इसके बजाय, प्ले स्टोर (एन्ड्रॉयड के लिए) या ऐप स्टोर (आईफोन के लिए) जैसे आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें। सुनिश्चित करें कि आपका फोन और आपके ऐप्स हमेशा नवीनतम संस्करण पर अपडेटेड है ताकि आपको नवीनतम सुरक्षा सुविधाएँ मिल सकें।



एसपी पूजा वशिष्ठ

#### किसी भी अनजान नंबर पर ध्यान न दें

वाट्सऐप या फिर अन्य कोई मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के जरिए रिसीव होने वाले किसी भी एपीके फाइल, लिंक को ओपन न करें। अनजान नंबर से आने वाले मैसेज या कॉल्स पर ध्यान न दें। अच्छे रिटर्न, फ्री गिफ्ट, लॉटरी आदि की जाल में न फसें। ज्यादातर ऐसे ऑफर्स हैकर्स द्वारा पेश किए जाते हैं। किसी भी थर्ड पार्टी ऐप्स को फोन में इंस्टॉल न करें।

#### फर्जी ऐप्स का ऐसे लगाएं पता

- फर्जी ऐप्स का पता लगाने के लिए अपने एन्ड्रॉयड स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर अकाउंट पर जाएं।
- फिर प्रोफाइल पिक्चर पर टैप करके प्ले प्रटेक्ट वाले ऑप्शन पर टैप करें।
- यहां पर आपको हामफूल ऐप्स को चेक करने का ऑप्शन मिलेगा।
- इस पर टैप करें और फोन में मौजूद खतरनाक ऐप्स की जांच करें और उसे तुरंत अनइंस्टॉल करें।